भारत सरकार
भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र
नाभिकीय पुनःचक्रण बोर्ड
ईंधन संविरचन, आई एन आर पी (ओ)
तारापुर -401502

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा सूचना सं :.
बीएआरसी/एनआरबी/आईएनआरपी(ओ)/एफएफ/ ए एल/2019/151 दिनांक:08/03/2019

1. भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य अधीक्षक, एएफ़एफ़एफ़ , नाभिकीय पुन:चक्रणबोर्ड, भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र, तारापुर,घिवली (पोस्ट), पालघर (जिला)-401502 द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु उन पात्र ठेकेदारों से दोभागों अर्थात भाग 'क'-तकनीकी - वाणिज्यिक बोली तथा भाग 'ख'-वित्तीय बोली में **ई-निविदाकरण** के माध्यम से ऑनलाईन मद-दर निविदा आमंत्रित की जाती है, जिनका नाम सीपीडब्ल्यूडी, एमईएस, रेल्वे, राज्य पीडब्ल्यूडी, केंद्रीय एवं राज्य सरकारों के सार्वजनिक उपक्रमों/केंद्रीय स्वायत्त निकायों की अनुमोदित सूची में हो तथा जिन्हें परमाणु ऊर्जा विभाग (पऊवि) में ऐसे महत्वपूर्ण समान कार्य करने का पर्याप्त अनुभव एवं क्षमता हो।

i)	कार्य का नाम	एफ एफ , आई एन आर पी ओ, एन आर बी, बीए आर सी, तारापुर में रासायनिक आंकलन का काम, अपशिष्ट ड्रमों का हस्तांतरण एवं दूसरे सम्बंधित मिश्रित कार्य।
ii)	अनुमानित लागत	रुपये 2800000**/-** (अठ्ठाइस लाख रुपये)
iii)	बयाना राशि	रुपये **56000**/- (छप्पन हज़ार रुपये)

टिप्पणी:-

राशि मूलरुप में वरियतः बोईसर**,** महाराष्ट्र में देय भुगतान एवं लेखा अधिकारी**,** प्रिफ्री बीएआरसी**,** तारापुर के नाम से जारी किसी अनुसूचित बैंक कीसावधि जमा रसीद/डिमांड ड्राफ्ट/बैंकर्स चैक/पे ऑर्डर के रूप में प्रस्तुत करना होगा।

बयाना राशि का एक भाग बैंक गारंटी के रूप में भी स्वीकार्य है। ऐसे मामलों में बयाना राशिका कम से कम 50% या ` **20.00 लाख**, जो भी कम हो, उपर्युक्त निर्धारित रूप में होना चाहिए एवं शेष

राशि, निविदा भाग 'क' के परिशिष्ट 'क' के अनुसार किसी अनुसूचित बैंक द्वारा जारी बैंक गारंटी के रूप में स्वीकार की जा सकती है।

iv)	निविदा दस्तावेज का मूल्य	शून्य
v)	निविदा प्रक्रिया शुल्क	रूपये **1652** जिसका भुगतान इलेक्ट्रानिक मोड के माध्यम से ई-भुगतान द्वारा किया जाए जो मेसर्सआईटीआई लिमिटेड के पक्ष में नई दिल्ली में देय हो।(अप्रतिदेय)।
vi)	समाप्ति की अवधि	**12(बारह)** कैलेंडर माह मानसून अवधि सहित।
vii)	निविदा दस्तावेज खरीदने/ डाउनलोड करने के लिए तारीखें) एक्सेल/वर्ड फ़ार्मेट(	**www.tenderwizard.com/DAE**वेबसाइट पर दिनांक **25/03/2019** **(10.00** बजे) से **09/04/2019(15.00 बजे)**तक। विस्तृत एनआईटी केवल देखने के लिए वेबसाइट **www.barc.gov.in**पर भी उपलब्ध है।
viii)	बोली-पूर्व स्पष्टीकरण की तारीख	ठेकेदारों से अनुरोध है कि दिनांक 10/04/2019 तक ईमेल द्वारा -अपनीबोलीपूर्व शंकाएं भेजें। दिनांक **11/04/2019** को बोलीपूर्व बैठक होगी। सभी ठेकेदारों को बोली पूर्व स्पष्टीकरण- दिनांक 12/04/2019 को टेंडरविजर्ड वेबसाइट पर अपलोडकिया जाएंगे।
ix)	निविदाओं के ऑनलाइन प्रस्तुतीकरण की अंतिम तारीख एवं समय	दिनांक **24/04/2019 (14:00** बजे**)**
x)	ईएमडी की कीमत के रूप में मूल दस्तावेज की प्रस्तुतीकरण की अंतिम तारीख	**दिनांक** 25/04/2019, **12:00 बजे(**तक, श्री वी. आर. सोनार ,एफ़एफ़, एनआरबी, बीएआरसी, तारापुर के कार्यालय में कार्य का नाम तथा एनआईटी संख्या को दर्शाता हुआ मुहरबंद लिफाफे में मूल दस्तावेज वरियतः व्यक्तिगत रुप से जमा किया जाना चाहिए।तथापि, डाक अथवाकुरियर द्वारा भेजे गए दस्तावेज पर भी विचार किया जा सकता है बशर्ते कि वे निधारित तारीख एवं समय पर प्राप्त हों।
xi)	भाग 'क' को ऑनलाइन खोलने की तारीख एवं समय	**दिनांक 25/04/2019 (14:30 बजे)**
Xii)	भाग 'ख' को ऑनलाइन खोलने की तारीख एवं समय	बाद की तारीख को अधिसूचित किया जाएगा

सूचना, पात्रता मानदंड, शर्तें एवं अनुदेश

सूचना :

2. निविदा दस्तावेज दो भागों अर्थात भाग 'क' **(**तकनीकी वाणिज्यिक बोली) एवं भाग 'ख' **(**वित्तीय बोली) में तैयार किया गया है। भाग 'क' में तकनीकी वाणिज्यिक बोली है यथा : खंड **I-**ई निविदा आमंत्रण सूचना **(**अंग्रेजी और हिंदी भाषा में**),** खंड **II-** करार का प्रपत्र एवं ठेकेदारों के मार्गदर्शन हेतु सामान्य नियम एवं निदेश**,** ज्ञापन**,** खंड **III-** ठेके की सामान्य शर्तें **,** अतिरिक्त शर्तें**,** खंड **IV-** निविदाकारों को विशेष अनुदेश**,** खंड **V-**तकनीकी विनिर्देश**,** खंड **VI-** टेंडर ड्राइंग्स की सूची**,** खंड **VII-** अनुसूची 'क' **(**विभाग द्वारा आपूर्ति की जानेवाली सामग्रियों की अनुसूची**),** परिशिष्ट 'क'**-**बोली प्रतिभूति (बैंक गारंटी)**,** परिशिष्ट'ख'**-** निष्पादन प्रतिभूति के लिए बीजी बांड का प्रपत्र**,** अनुलग्नक 'क'**-** कर्मचारियों एवं मशीनरी का विवरण**,** अनुलग्नक 'ख'**-**भवन निर्माण सामग्रियों के अनुमोदित विनिर्माताओं की सूची एवं अनुसूची 'क'से 'छ' का प्रोफार्मा। भाग 'ख' **(**वित्तीय बोली**)**में अनुसूची 'ख'**-**प्रमात्राओं की अनुसूची है।

भावी बोलीकर्ता या सामान्य जन उक्त दस्तावेजों को वेबसाइट **www.tenderwizard.com/ DAE**- ☞**पऊवि की निविदाएं**☞- **भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र** से नि:शुल्क देख सकते हैं एवं इसके पीडीएफ फार्मेट को डाउनलोड कर सकते हैं।

निविदा में भाग लेने के लिए**,** भावी बोलीकर्ताओं से अपेक्षा की जाती है कि वे अपने यूज़र आईडी/पासवर्डएवं क्लास **IIIडिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्रके** साथ वेबसाइट

www.tenderwizard.com/DAEके होमपेज में लॉगइनकरने के बाद भाग-क-तकनीकी वाणिज्यिक शीट वाली तकनीकी वाणिज्यिक बोली**,** अनुलग्नक क**,** पूरे किए गए समान कार्यों की सूची एवं हाथ में लिए गए कार्यों की सूची और भाग 'ख'- अनुसूची 'ख' वाली वित्तीय बोली के एक्सेल फार्मेटको डाउनलोड करें। एक्सेलदस्तावेजको डाउनलोड करने के तरीके निम्नवत हैं।

i) **"UNAPPLIED"**बटन पर क्लिक करें ।

ii) **"REQUST"** आईकोन**(** नीला रंग का बटन**)** पर क्लिक करें।

iii) निविदा प्रक्रिया शुल्क का ऑन लाइन भुगतान करें।

iv) **"SUBMIT"** बटन पर क्लिक करें।

v) **"INPROGRESS"**बटन पर क्लिक करें।

vi) बोलीकर्ता को स्टेटस कॉलम में **RECEIVED** की सूचना मिलेगी।

vii) निविदा जमा करने की आखिरी तारीख तकबोलीकर्ता अनगिनत बार **“EDIT ATTACHMENT”**आईकॉन पर क्लिक करके अपेक्षित निविदा दस्तावेज डाउनलोड कर सकते हैं।

भावी बोलीकर्ताओंको **एक्सेल दस्तावेज** भरने होंगे और उन्हें **पुन: नाम**(renaming) दिए बिनाइसे अपलोड करना होगा। कृपया निविदा के प्रस्तुतीकरण हेतु हेल्प मैन्युअल रेफर करें अथवा एनआईटी के अनुसार हेल्प डेस्क से संपर्क करें ।

निविदा दस्तावेज़- अनुभाग II, III, IV एवं V और निर्माण संरक्षा नियमावली निविदा दस्तावेज का एक भाग है जो वेबसाइट www.tenderwizard.com/DAE☛-डाउनलोड☛-भापअ केंद्र दस्तावेजपर उपलब्ध है।

वर्णित निविदा बिक्री के दौरान,वर्णित कार्यों के लिए निविदा आरेखों (खंड -VI) का एक सेट केवल निरीक्षण के लिए निविदा आमंत्रण प्राधिकारी के कार्यालय में निविदाकारों को उपलब्ध कराया जाएगा। यदि आवश्यक हुआ तो बोलीकर्ता, आरेखों का अध्ययन करने के लिए स्वयं आ सकते हैं और यह वेबसाइट पर उपलब्ध नहीं होगा।

उपरोक्त सभी दस्तावेज सफ़लता प्राप्त बोलीकर्ता को कार्य प्राप्त हो जाने के बाद करार का एक भाग होंगे।

आरंभिकपात्रता मानदंड:

3. बोलीकर्ता के पास निम्नलिखित होना चाहिए:

(क) ठेकेदारों के समुचित वर्ग, यदि कोई है, में पंजीयन।

(ख) निविदा खुलने की तारीख से पूर्व एक वर्ष के भीतर जारी राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक से कम से कम रु. 11,20,000/- के बैंक ऋण शोधन क्षमता प्रमाणपत्र।

(ग) दिनांक 31**मार्च** 2018 को समाप्त पिछले **3** वर्षों के दौरान विद्युत अनुरक्षण कार्य पर औसत वार्षिक वित्तीय टर्नोवर कम से कम रु. **28,00,000**/- होना चाहिए। यह एक पंजीकृत चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट द्वारा विधिवत लेखा परीक्षित होना चाहिए।

(घ) **31 मार्च 2018** को समाप्त पिछले 5 वर्षों के दौरान दो वर्ष से अधिक में घाटा नहीं हुआ होना चाहिए।

(च) पिछले 7 वर्षों में किए गए समान कार्यों की सूची।

(छ) कार्यनिष्पादन प्रमाणपत्र।

(ज) समय पर कार्य पूरा करने के लिए निर्माण संयंत्र एवं मशीनरी, उपस्करों, उपसाधनों तथा अन्य अवसंरचनात्मक सुविधाएं।

(झ) आवश्यक तकनीकी स्टाफ।

(ट) जीएसटी हेतु पंजीकरण प्रमाण-पत्र

(ठ) स्थायी खाता सं (पैन) ।

(ड) किसी सरकारी लाइसेंस वाले बोर्ड/विभाग द्वारा जारी उपयुक्त श्रेणी हेतु वैध विद्युत ठेकेदार का लाइसेंस (केवल विद्युत कार्य के लिए)

बोलीकर्ता द्वारा आवेदन आमंत्रित किये जाने वाले महीने से पूर्व के महीने के अंतिम दिन को समाप्त होने वाले पिछले **7 (**सात) वर्षों में

(1) (क) कम से कम प्रत्येक रु. 11,20,000**/-** (अनुमानित लागत का 40%) की लागत के इसी प्रकार के **03 (**तीन) कार्य या कम से कम रु. **16,80,000/-**(अनुमानित लागत का 60%) की लागत के इसी प्रकार के **02 (**दो) कार्य या कम से कम रूपये 22,40,000**/-** (अनुमानित लागत का 80%) की लागत के इसी प्रकार का **01 (**एक) कार्य संतोषजनक रूप से (कार्य के क्लायंट द्वारा निष्पादन प्रमाणपत्र पर आधारित) पूरा किया हो एवं यदि पात्र कार्य केंद्र सरकार/राज्य सरकार/केंद्र या राज्य सरकार के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम/ केंन्द्रीय स्वायत्त निकाय में पूरा न किया गया हो**,**तब बोली कर्ता द्वारा इसके लिए टीडीएस प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा ।

तथा

(1) (ख) किसी प्रकृति का एक पूर्ण कार्य (या तो **(i)** का भाग अथवा एक पृथक भाग) जिसकी लागत अनुमानित लागत का रु. 11,20,000**/-**के बराबर राशि से कम न हो**,** को किसी केंद्र सरकार के विभाग अथवा राज्य सरकार के विभाग/केंद्रीय स्वायत्त निकाय/राज्य स्वायत्त निकाय/ केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम/राज्य सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम/शहर विकास प्राधिकरण/केंद्र/ राज्य सरकार द्वारा किसी अधिनियम के अधीन गठित शहर का म्यूनीशिपल कार्पोरेशन तथा केंद्र/राज्य के राजपत्र में प्रकाशित **[**पैरा (ख) **(i)**परिशिष्ट-20] के साथ निविदा के लिए रखा गया ।

4. इस प्रयोजन हेतु “कार्य की लागत” का तात्पर्य है पूरे हुए कार्य की सकल लागत जिसमें सरकार/क्लायंट द्वारा आपूर्ति की गयी सामग्रियों की लागत शामिल हैं**,** लेकिन इसमें नि:शुल्क आपूर्ति की गयी सामग्री शामिल नहीं होगी। इसी प्रकार के कार्य का तात्पर्य है **"उच्च दाबीय विद्युत सब स्टेशन का प्रचालन एवम अनुरक्षण के काम का अनुभव" । "** समान कार्य ऐसा कार्य होना चाहिए जिसे भारत में सम्पादित किया जाता है ।

5. निष्पादित कार्य के मूल्य को 7% प्रति वर्ष की सामान्य दर पर कार्य की वास्तविक मूल्य में वृद्धि करते हुए वर्तमान लागत स्तर तक लाया जाएगा जिसका परिकलन पूर्णता की तारीख से निविदा कागजात के क्रय/डाउनलोड करने के लिए अनुरोध की आखिरी तारीख तक किया जाएगा ।

6. **बोली कर्ता भारत में एक पंजीकृत फर्म होना चाहिए। संयुक्त उद्यम तथा /अथवा कंसोर्टियम स्वीकार्य नहीं है।**

शर्तें :

7. निविदा के भाग 'क'(तकनीकी वाणिज्यिक बोली)के खुलने के पश्चात,मुख्य अभियंता द्वारा एक निरीक्षण दल गठित किया जाएगा जिसके द्वारा निम्नलिखित आधार पर निविदाकारों के चयनित चालू कार्य क्षेत्रों/संपूर्ण किये गये कार्यों का निरीक्षण किया जायेगा ताकि निविदाकारों की क्षमता का मूल्यांकन किया जा सके :-

   क) वित्तीय क्षमता एवं पिछले 5 वर्षों के दौरान उनका टर्नओवर।

   ख) संबंधित कार्य के संदर्भ में कंपनी की तकनीकी क्षमताएं।

   ग) पिछले 7 वर्षों के दौरान निविदाकार द्वारा निष्पादित कार्यों का स्वरूप।

   घ) कंपनी की संगठनात्मक संरचना ।

   च) कंपनी द्वारा संबंधित कार्य करने हेतु अपेक्षित आवश्यक संसाधन।

   छ) समय एवं गुणवत्ता की सजगता।

   ज) असंगत दावे एवं विवाद करने की कंपनी की प्रवृत्ति ।

   झ) क्षेत्र नियोजन क्षमता।

   ट) कंपनी की कार्य को बैक टू बैक/उप किरायेदारी पर सौंपने की प्रवृत्ति

8. भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र में लागू सुरक्षा प्रक्रिया के अनुसार, कार्य शुरू करने से पहले भापअ केंद्र के सुरक्षा अनुभाग द्वारा ठेकेदारों की जांच की जाएगी।

9. निविदा भाग 'क'खुलने के बाद निविदा में किसी प्रकार के संशोधन करने की अनुमति नहीं होगी।

10. किसी शर्त या सशर्त छूट वाली निविदाओं को अस्वीकृत कर दिया जाएगा। फिर भी जिन निविदाओं में बिना किसी शर्त के छूट दी गई हो उन्हें स्वीकार किया जाएगा।

11. यदि आवेदक द्वारा दी गई कोई भी सूचना बाद में गलत पाई जाती है तो उन्हें भापअ केंद्र में भविष्य में हमेशा के लिए निविदाकरण/कोई भी कार्य करने से रोक दिया जाएगा। यदि कार्य शुरू करने से पहले भी किसी भी उल्लंघन की सूचना, विभाग को प्राप्त होती है तो प्रभारी अभियंता,ईएमडी/निष्पादन गारंटी को पूर्ण रूप से जब्त करने के लिए स्वतंत्र होंगे।

12. कार्य को पूरा करने की अवधि की गणना कार्य शुरू करने के लिए लिखित आदेश मिलने के 15वें या कार्य स्थल की सुपुर्दगी के पहले दिन, जो भी बाद में हो, से निविदा दस्तावेजों में यथा उल्लिखित, यदि कोई हो, चरणबद्ध तरीके के अनुसार होगी ।

13. निविदा को निविदा के खुलने की तिथि से **60 (साठ**) दिनों तक वैध रखा जाएगा ।

14. यदि निविदा प्रक्रिया शुल्क एवं ईएमडी के लिए मूल दस्तावेज प्राप्त करने की तथा निविदा खुलने की अंतिम तारीख को छुट्टी घोषित की जाती है तो उक्त तारीख को तदनुसार आगे के कार्य दिवस तक स्थगित माना जाएगा ।

15. बयाना राशि जमा के लिए यथा लागू किसी अनुसूचित बैंक का मूल डिमांड ड्राफ्ट /बैंकर्स चेक/सावधि जमा रसीद/बैंक गारंटी यदि कोई हो तथा निविदा प्रक्रिया शुल्क हेतु इलेक्ट्रानिक तरीके से किए गये ई-भुगतान की रसीद को उपरोक्त स्थान, दिनांक एवं समय पर जमा किया जाएगा अन्यथा निविदाओं को अस्वीकार कर दिया जाएगा तथा उसकी आगे की प्रक्रिया नहीं की जाएगी।

16. **बयाना राशि जमा के लिए चैक स्वीकार नहीं किया जाएगा ।**

17. ठेकेदार**,** जिसकी निविदा स्वीकृत की गयी है**,** द्वारा उनके ठेके की विधिवत पूर्ति हेतु प्रतिभूति जमा के रूप में कार्य के निविदा मूल्य के 2.5% की राशि प्रस्तुत करने की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त ठेकेदार द्वारा कार्य प्रारंभ करने से पहले निविदा मूल्य के **5%** की समतुल्य राशि को निष्पादन प्रतिभूति के रूप में जमा करना होगा जो कार्य के प्रारंभ करने की निर्धारित तारीख के बाद नहीं किया जा सकता है । **5%** की निष्पादन प्रतिभूति बैंक गारंटी (यदि निष्पादन प्रतिभूति**`1.00** लाख से अधिक हो तो)**,** अनुसूचित बैंक की आवधिक जमा पावती या सरकारी प्रतिभूतियों के रूप में भी स्वीकार की जाएगी।

18. प्रतिभूति जमा की वसूली, ठेकेदार के चालू बिल की कुल राशि के 5% की दर से तब तक की जाएगी जब तक कि वसूली गई कुल राशि, कार्य के निविदाकृत मूल्य के 2.5% के बराबर न हो जाए ।प्रतिभूति जमा सरकारी प्रतिभूतियो तथा किसी अनुसूचित बैंक /राष्ट्रीयकृत बैंक के फिक्सड डिपाजिट रसीद के रुप में भी स्वीकार की जाएगी । इन्हें भुगतान एवं लेखा अधिकारी, प्रिफ्री को पृष्ठांकित किया जाएगा । कार्य निष्पादन प्रतिभूति जमा प्राप्त होने पर, सफल बोलीकर्ता की बयाना राशि लौटा दी जाएगी अथवा वापस कर दी जाएगी, परंतु यदि कार्य निष्पादन प्रतिभूति जमा, बैंक गारंटी के रूप में है तो बयाना राशि तभी लौटाई जाएगी जब गारंटी जारीकर्ता बैंक द्वारा इसके सत्यापन की पुष्टि हो जाती है।

19. यदि सफल निविदाकार कार्य प्रारंभ करने की अनुबंधित तारीख को या उससे पहले निर्धारित निष्पादन गारंटी प्रस्तुत करने में विफल रहते हैं तो विभाग (भापअ केंद्र) किसी अन्य अधिकार या उपाय, पर बिना किसी प्रतिकूल प्रभाव के, उक्त बयाना राशि को पूर्ण रूप से जब्त कर सकते हैं।

20. निविदा की स्वीकृति विभाग के पास सुरक्षित है जो सबसे कम मूल्य की निविदा को स्वीकृत करने के लिए बाध्य नहीं है एवं इसके पास किसी भी निविदा अथवा सभी निविदाओं को बिना कोई कारण बताये अस्वीकृत करने का अधिकार है। वे सभी निविदाएं, जिनमें निर्धारित शर्तें पूरी न की गयी हों अथवा जो किसी भी दृष्टि से अपूर्ण होंगी उन्हें अस्वीकृत कर दिया जाएगा।

21. निविदा के संबंध में किसी भी प्रकार की सिफ़ारिश करना सख्त मना है, जो ठेकेदार सिफ़ारिश करेगा उसकी निविदा अस्वीकृत कर दी जाएगी।

22. निविदा स्वीकृत होने पर ठेकेदार द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों,जो प्रभारी अभियंता से निर्देश लेने के लिये जिम्मेदार होंगे,के नामों की सूचना प्रभारी अभियंता को दे दी जाए।

23. विभाग समस्त निविदा अथवा निविदा के किसी भाग को स्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है एवं निविदाकार अपने द्वारा दी गयी दर पर कार्य करने के लिए बाध्य हैं।

24i)ठेकेदार को माल एवं सेवाकर (जीएसटी) के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए तथा कार्य पर वर्तमान आदेश के अनुसार लागू जीएसटी ठेकेदार द्वारा संबंधित कर प्राधिकारियों को भुगतान किया जाएगा।

ii) कोट किये गये दर में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) शामिल होगा तथा ठेकेदार द्वारा देय होगा एवंबीएआरसी इस संबंध में किसी भी दावे पर विचार नहीं करेगी।

iii)किये गये कार्य के सकल मूल्य के 1% की दर से श्रम कल्याण उपकर ठेकेदार को भुगतान किये गये प्रत्येक बिल से वसूल की जाएगी।

iv)आयकर तथा जीएसटी,जैसा लागू हो, ठेकेदार को भुगतान किये गये प्रत्येक बिल से काटा जाएगा।

v)**भविष्य निधि खंड :** सभी मज़दूरों को लागू न्यूनतम मज़दूरी देनी होगी। मज़दूरों के लिए भविष्य निधि (पीएफ) एवं बीमा योजना (यदि लागू हो तो) का व्यय ठेकेदार द्वारा उठाना होगा। मज़दूरों की मज़दूरी, भविष्य निधि,बीमा इत्यादि के संबंध में अभिलेख रखना होगा एवं मांगे जाने पर सत्यापन के लिए प्रस्तुत करना होगा।

vi) ईएसआईसी कोट किये गये दर में सम्मिलित नही होना चाहिए

25. यदि कोई निविदाकार वैधताअवधि के अंदर तथा कार्य दिये जाने से पहले, जो भी पहले हो, अपनी निविदा वापस लेता है अथवा निविदा की निबंधनों और शर्तों में ऐसे संशोधन करता है जो कि विभाग को मान्य न हो तो

सरकार अन्य किसी अधिकार या कार्रवाई पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना संपूर्ण बयाना राशि की 50% (पचास प्रतिशत) धनराशि को ज़ब्त करने के लिए स्वतंत्र होगी।

इसके अतिरिक्त, निविदाकार को कार्य की पुन: निविदाकरण प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

26. सफल निविदाकार को कार्य सौंपने के पश्चात, ठेकेदार,सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन हेतु समय सारणी एवं नकदी प्रवाह विवरण प्रस्तुत करेगा जो करार का एक भाग होगा।

27. **जिन सफल बोलीकर्ता की निविदा स्वीकार की जाती है उन्हें बीएआरसी के अंदर काम करने वाले अपने सभी कार्मिकों जैसे: इंजीनियरों, पर्यवेक्षकों एवं मजदूरों का अपने खर्चे पर पुलिस की विशिष्ट शाखा द्वारा जारी पुलिस सत्यापन प्रमाणपत्र (पीवीसी) प्राप्त करना आवश्यक होगा और जिसे तदनुसार ही कोट किया जाए। पीवीसी तीन वर्ष के लिए वैध रहेगा।**

सुरक्षा जांच के बाद यदि ठेकेदार/कंपनी/फर्म/प्रोपराइटर और/अथवा उसके ठेके के कार्मिकों के विरुद्ध कोई प्रतिकूल चार्टर तथा पूर्ववृत्त की अभ्युक्ति/अधिसूचना प्राप्त होती है तो भापअ केंद्र, बिना कोई कारण बताए/बिना 'कारण बताओ सूचना' जारी किए तुरंत ठेके को समाप्त करने का अधिकार सुरक्षित रखताहै। ऐसीपरिस्थिति में ठेकेदार के पास यह अधिकार नहीं होगा कि भापअ केंद्र द्वारा की गई उपरोक्त कार्रवाई के परिणामस्वरूप यदि उसका कोई नुकसान/देयता हो तो उसकी भरपाई के लिए वह दावा करे। पऊवि/भापअ केंद्र द्वारा समय-समय पर जारीसुरक्षा अनुदेश का पालन ठेकेदार द्वारा नहीं करने पर भापअ केंद्र के पास यह अधिकार होगाकि वह सरकार के पास जमा निष्पादन प्रतिभूति और/अथवा प्रतिभूति जमा आंशिक अथवा पूर्ण रूप से जब्तकर ले।

अनुदेश :

28. ठेकेदार www.tenderwizard.com/ DAEके साथ पंजीकृत होना चाहिए। जो ठेकेदार ऊपर उल्लेखित वेबसाइट पर पंजीकृत नहीं होंगे, उन्हें पंजीकृत होना जरूरी है। यदि आवश्यक हो, वेबसाइट पर उपलब्ध ब्योरे के अनुसार, उन्हें ऑनलाइन बोली प्रक्रिया के लिए प्रशिक्षण दिया जा सकता है।

29. इच्छुक बोलीकर्ता के पास बोली प्रस्तुत करने के लिए निविदा दस्तावेज की खरीद/ डाउनलोड (एक्सेल/वर्ड फार्मेट) करने हेतुवैध क्लास-III डिजिटल हस्ताक्षर होना चाहिए।

30. जमा बयाना के लिए किसी अनुसूचित बैंक का सावधि जमा रसीद एवं अथवा बैंक गारंटी एवं यथा विनिर्दिष्ट अन्य दस्तावेज जमा करने/अपलोड करने के बाद ही बोली प्रस्तुत की जा सकती है।

31. उपरोक्त उल्लिखित समय तथा तारीख तक निविदाएं ऑनलाइन प्राप्त हो जानी चाहिए ।उपरोक्त उल्लिखित समय एवं तारीख पर भाग 'क' खोली जाएगी । सर्वप्रथम निविदा दस्तावेज का मूल्य, निविदा प्रक्रिया शुल्क की रसीद एवं ईएमडी की जांच की जाएगी । यदि इन्हें सही पाया गया तो भाग 'क' खोला जाएगा । भाग 'क' खोलने के पश्चात, मूल्यांकन के लिए ठेकेदारके जारी /पूर्ण किए गए कार्य क्षेत्र एवं कार्यालय का निरीक्षण किया जाएगा और उनके दस्तावेजों से संबंधित तकनीकी वाणिज्यिक बोली का मूल्यांकन किया जाएगा और तदनुसार सक्षम प्राधिकारी द्वारा निविदाकारों को योग्य/अयोग्य घोषित किया जाएगा । तब योग्यता प्राप्त सफल निविदाकारों की निविदा के भाग 'ख' (वित्तीय बोली) को अधिसूचित तारीख एवं समय पर खोला जाएगा। भाग 'ख' (वित्तीय बोली) खुलने की तारीख की सूचना सभी बोलीकर्ताओं को ई-मेल द्वारा भेजी जाएगी ।

32. निविदा खुलने की तारीख के दिन, ठेकेदार लॉग इन करके बोली खुलने के बाद उसकी स्थिति देख सकते हैं।

33. ठेकेदार प्रत्येक मद की दर कोट करना सुनिश्चित करें । अंकों में दर कोट करने वाला कॉलम **पीले** रंग का लगताहै । इसके अतिरिक्त, कोई भी सेल चुनते (सिलेक्ट) समय एक चेतावनी दिखाई देगी कि यदि कोई सेल खाली छोड़ा जाता है तो उसे "O" (शून्य) समझा जाएगा । इसलिए यदि कोई सेल खाली छोड़ा जाता है और बोलीकर्ता कोई दर कोट नहीं करता है तो उस मद की दर "O" (शून्य) समझी जाएगी।

34. मूल प्रति से स्कैन किए जाने वाले दस्तावेजों की सूची जिन्हें बोलीकर्ता द्वारा बोली प्रस्तुतीकरण की अवधि के भीतर अपलोड करना है:-

(i) चार्टर्ड अकाउन्टेन्ट द्वारा प्रमाणित वित्तीय कारोबार।

(ii) चार्टर्ड अकाउन्टेन्ट द्वारा प्रमाणित लाभ एवं हानि विवरण।

(iii)नवीनतम बैंक ऋण शोधन क्षमता प्रमाणपत्र।

(iv) निर्माण संयंत्र एवं मशीनरी की सूची।

(v) तकनीकी कर्मचारियों की सूची।

(vi) प्रमाणपत्र:

क. पंजीयन प्रमाणपत्र, यदि कोई हो तो।
ख. कार्य अनुभव प्रमाणपत्र/निष्पादन प्रमाण-पत्र।
ग. जीएसटीके लिए पंजीयन प्रमाणपत्र।
घ. टिन पंजीयन प्रमाणपत्र।
च. पैन (स्थायी खाता संख्या) पंजीयन

(vii) ईएमडी के लिए किसी अनुसूचित बैंक का एफडीआर/डीडी/पीओ/बीसी।

(viii)**ईएमडी,** यदि कोई है, के लिए किसी अनुसूचित बैंक की बैंक गारंटी।

(ix) यह वचन (अंडरटेकिंग) कि इसी प्रकार का कार्य बैक टू बैक आधार पर दूसरे ठेकेदार के माध्यम से निष्पादित नहीं कराया गया है।

(x) भाग क: खंड II तथा ठेके की सामान्य शर्तों के खंड (क्लाउज) 11 के अनुसार वचन (अंडरटेकिंग)

टिप्पणी : तकनीकी मूल्यांकन के दौरान यदि कोई दस्तावेज नहीं पाया जाता है तो निरीक्षणसमिति उसे प्रस्तुत करने के लिए कह सकती है।

35. **बोलीकर्ताकोनिम्नलिखितदस्तावेजभरनाहोगा:**

क) भागक (तकनीकी–वाणिज्यिकबोली।
ख) कार्यकेलिएप्रस्तावितमानवशक्तिएवंमशीनरी (अनुलग्नकक।
ग) पिछलेसातवर्षोंकेदौरानपूर्णसमानकार्योंकीसूची।
घ) चालूकार्योंकीसूची
च)भाग- ख(वित्तीयबोली

पिछले सात वर्षों के दौरान पूरा किये गये समान श्रेणी के सभी कार्य के ब्यौरा हेतु प्रोफार्मा

क्रम सं.	कार्य/परियोजना का नाम तथा अवस्थिति	मालिक अथवा प्रत्याभूति देने वाला संगठन	कार्य की लागत लाख रुपयों में	ठेके के अनुसार कार्य शुरु करने की तारीख	कार्य पूर्ण करने की निर्धारित तारीख	कार्य पूर्णता की वास्तविक तारीख	ब्यौरा सहित लंबित/जारी मुकदमें/विवाचन मामले (विवाचक द्वारा दावा किये	जिस अधिकारी का संदर्भ दिया जाना है,	अभियुक्ति

							गये तथा दी गई सकल रकम का उल्लेख करें।	उसका नाम तथा पता/टेलीफोन नं.	
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)	(10)

क्रियान्वयानाधीन अथवा सौपी गयी परियोजनाओं हेतु प्रोफार्मा

क्रम सं..	कार्य/परियोजना का नाम तथा अवस्थिति	मालिक अथवा प्रत्याभूति देने वाला संगठन	कार्य की लागत लाख रुपयोंमें	ठेके के अनुसार कार्य शुरु करने की तारीख	कार्य पूर्ण करने की निर्धारित तारीख	कार्य की प्रगति की अद्यतन प्रतिशतता	धीमी प्रगति, यदि कोई हो तथा उसका कारण	जिस अधिकारी का संदर्भ दिया जाना है, उसका नाम तथा पता/टेलीफोन नं.	अभियुक्ति
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)	(10)

टिप्पणी:

1. पंजीकृत ठेकेदार ही आवश्यक शुल्क का भुगतान करने के बाद निविदा खरीद/डाउनलोड एवं

प्रस्तुत/अपलोड कर सकते हैं।

2. इच्छुक एजेंसियां पंजीकरण हेतु www.tenderwizard.com/DAE वेबसाइट देख सकते हैं।
3. किसीप्रकार की सहायता/स्पष्टीकरण के लिए (02525)290134, 290346पर संपर्क करें।
4. ई निविदाकरण में पंजीयन एवं सहभागिता हेतु सहायता के लिए निम्न व्यक्तियों से संपर्क करें
   क. श्री रुदरेश :मोबाइलनं.:09969395522 अथवा ई-मेल: twhelpdesk231@gmail.com
   ख. श्री मृत्युंजयमहापात्रा: 09969313423 अथवा ईमेल :twhelpdesk704@gmail.com
   ग. टेंडर विज़र्ड हेल्पडेस्क 080 40482000 (सुबह 9 बजे से 6 बजे तक-सोमवार से शनिवार)
5. स्थलभ्रमण / स्पष्टीकरणहेतुअनुरोधभेजनेहेतुई-मेलआईडी:-
   vrsonar@barctara.gov.in

यदि एनआईटी के अंग्रेजी एवं हिंदी पाठ के बीच कोई अंतर हो तो अंग्रेजी पाठ को सही माना जाए ।

आरबी भट्ट

महाप्रबंधक

एफएफ,आई एन आर पी (ओ), एनआरबी,

बीएआरसी,तारापुर

(भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से)